एक से फैल कर वह अनेक हो गया। लाखों, अरवों, करोड़ों में वह बंट गया ॥
जब सिमट कर वही एक हो जायगा। जुजजो है कुलमे आखिरको मिलजायगा ॥
जिस तरह से है दरिया में आवे रवाँ। लहरें ही लहरें देती दिखाई जहाँ ॥
लहेर क्या है यह क़तरों का अम्बार है। और दरिया भी लहरों का विस्तार है ॥
जबयह दरियासमुन्दर से वासिल हुआ। फिरजो कतरा था खुदभी समन्दर हुआ ॥
जुज़ असल चीज पानेको मुशताक़ था। कैसा ग़लताँ व पेचाँ परेशान था ॥
आखिरश में वही चीज़ जो अस्ल थी। हो गई थी जुदा फिर उसी में मिली ॥
रहेनुमा आज तक जितने सरज़द हुये। उन के पग़ाम पैहम यह आते रहे ॥
जुज़ असलमें ही मिलकर खुदाहोगया। दूर होते ही अख़्तर जुदा हो गया ॥

**मुसाहबराय "अख़्तर"**
**शाहाबादी**

# स्वातन्त्र्य-सुख

कु० कस्तूरी चतुर्वेदी

वास्तव में इस संसार रूपी पथ में समुचित ढंग से, समुचित रूप से चल गुजरना अत्यन्त दुस्तर एवं दुरूह ही है। अति संकीर्ण पथ, जिसमें सरलतापूर्वक चल निकलना प्राणी मात्र के लिये कठिन हो जाता है। कहावत है "जितने मुख, उतनी बातें" और इसी ने अत्यन्त सहज, सरल एवं सीधे मार्ग पर आराम से दौड़ते, चलते हमारे पथ में रोड़े अटका दिये। सीधा, सपाट, चटियल आध्यात्मिक मार्ग ऊंचे नीचे टीलों से घिरा प्रतीत होने लगा। जहाँ हम अब तक स्वतंत्र किसी शिला-खंड पर बैठ कर, कंद मूल फल खाकर, निर्मल झरनों से झरे जल का पान कर तृप्ति अनुभव करते थे, आज भव्य-महलों में स्वयं को बन्द कर, भाँति भाँति के जी बहलाने वाले व्यंजनों को पाकर भी तृषित के तृषित ही बने रहते हैं। समय बढ़ा, सामान बढ़ा, चारो ओर समाज का बंधन बढ़ा और प्रकाश बढ़ा। उसमें प्रथम तो कुछ सुलझे, कुछ उलझे से हम उलझने लगे। किन्तु क्रमशः उलझते, विमोहित भँवर में पड़कर हम गुमराह हो गये। धीरे धीरे अंतर आँखों पर झीना आवरण पड़ गया। हमारे बाह्य नेत्र संसार के देखने मात्र को रह गये उनके मुख्य रेटिना (Retina) पर आवरण पड़ गया। समतल पृथ्वी ऊबड़-खावड़ दिखाई पड़ने लगी। प्रशस्त शान्तिमय पथ संकीर्ण दृष्टिगत होने लगा। मनोतीत मनो आनन्द सदैव के लिये दुःख की सघन छाया में विलीन हो गया। पाषाण शिला बने हम सुधि बुधि खोये जो जैसा कहता वही मान कर और स्वयं में ही खो जाने लगे। झीना आवरण हटाने के लिये मोटे आवरण की ओट ले ली फिर भला हमें दिखलाई भी क्या पड़ता। अंतर पट बन्द हो गये फिर आवाज देकर हमें कौन बुलाता, कौन उठाता कौन जगाता। जहाँ जम गये उसे ही घर मान बैठे। जिसने अधिक स्नेह जताया उसे ही अपना बैठे। यही नहीं ऐसे सोये कि हंसने की बात पर रो पड़ने लगे और रोने की बात पर हंसी आने लगी। पराये घर को (संसार) अपना मान कर यहीं अपनत्व का जाल बिछा कर उलझ गये जहां से बुलावा आने पर नित्य ही किसी को जाना ही पड़ता है। अपने नित्य और सुहावने (ईश्वरीय) घर की अपने प्रिय सजन, स्नेही (ईश्वर) के घर की तो सुधि ही कभी नहीं आयी।



किन्तु! समय को पलटना ही होता है। प्राणी मात्र के उद्धार का समय कभी अवश्य आता है। परन्तु आता तभी है जबकि समय को पलट देने वाली शक्ति का आविर्भाव पृथ्वी पर होता है। वही शक्ति प्राणी मात्र को परम स्वातंत्र्य सुख प्रदान करने के लिये धरणी पर एक नवीन युग एक नवीन मधुर सहज मार्ग को जन्म देती है। जब हम पावन प्राणाहुति ( Transmission ) द्वारा इस सहज राह पर चल निकलते हैं तब केवल इतनी सी कठिनाई का सामना हमें करना होता है कि संसार रूपी नदी के प्रतिकूल दिशा में हमें पैरना पड़ता है। यदि हम डटे रहने वाले और प्रयत्नशील हैं तो फिर एक न एक दिन उसके उद्गम पर किसी श्रेष्ठ शिखर पर अवश्य जा खड़े होते हैं जहाँ न प्रतिकूल थपेड़ों की चोट हमें कष्ट पहुँचा सकती है और न कोई अन्य भय ही हमें खा पाता है। इतना तो अवश्य होता है कि प्रवाह के प्रतिकूल थोड़ा सा पैरने पर ही हमें प्रथम तो थकान का जरा जल्दी अनुभव होता है किन्तु उस परम शक्ति के संसार में प्रकट होने के कारण हमें जो परम शक्ति मिलती रहती है इस लिये हम कभी थकते नहीं, कभी रुकते नही एवं कभी अलसाये से भी नहीं होने पाते। इतना ही नही ज्यों ज्यों हम उद्गम के निकट पहुँचते जाते हैं प्रतिकूल प्रवाह की गति और भी तीव्र होती जाती है। किन्तु इधर भी हमें उस रोकने वाली शक्ति से शतगुनी सामर्थ्य थामने वाली शक्ति प्रदान करती जाती है। परन्तु अन्त में एक भेद खुलता है कि फिर दोनों ही शक्तियों की तीव्रता मंद होते होते समाप्त प्रायः हो जाती है और मानो किसी अतिशय विराम देने वाले विशाल वरद् हस्त कमलों की छाया में मृतप्रायः से परम शान्त हुये हम अपने लक्ष्य के निकट जा पहुँचते हैं। अब उसमें प्रवेश पाना ही शेष रह जाता है।

किन्तु हम उसमें प्रवेश पाते हैं। एक बार फना (लय) में पुनः जागकर बका (स्थिर, स्थायी) के द्वार पर जा खड़े होते हैं। अब पैरना नही सैर करना प्रारम्भ हो जाता है और अंत में जब दृष्टि जागती है तब सच ही हम पुकार उठते हैं कि "शिला खण्ड पर बैठ हम, निज हिय-लोचन चीर, देख रहे जगमग चलत इन पंथिन की भीर।" विशाल मैदान चलने के लिये समक्ष व्याप्त है किन्तु चलने या न चलने की गति का कोई भान नहीं होता है। सैर पर सैर पूरी होती चली जाती है किन्तु हम चले, यह प्रतीति नहीं होती। सैर हम कर रहे हैं, हम चल रहे हैं, अथवा हमारे साथ लगे में ही कोई अलौकिक माधुरी दिव्यतम छाया सी

चलती जा रही है यह रहस्य खुलने लगता है। तब अध्यात्मिक जीवन में एक लहर ऐसी आती है कि नाव (शरीररूपी) डूब कर कगार पा जाती है।

हम भक्ति से चलते हैं और धीरे धीरे भक्ति की लड़ी जो जुड़ी थी अब अपना आवरण उतार देती है। जब भक्ति का आवरण उतर जाता है तब उसमें विस्मरण की अवस्था उत्पन्न होती हैं अर्थात् उसका अनुमान जाता रहता है तब ईश्वरत्व ( Divinity ) का समावेश हमारे अन्दर हो जाता है। अब आध्यात्मिक गतियों के प्रति भी हमारी ऐसी दशा हो जाती है कि हम केवल दृष्टामात्र होकर रह जाते हैं। ऐसी दशा को प्राप्त करने पर ही हम अध्यात्मिक गतियों के अपनत्व के आनन्द के बन्धन से भी मानो मुक्ति पा जाते हैं। हमारे "श्री बाबूजी महाराज" का कथन है कि बंधन तो बंधन है चाहे सूत की डोरी से बाँधे गये अथवा रेशम की डोरी से बांधे गये। वास्तव में अब 'उनकी' ही कृपा से हम अब यह कह सकने लगे कि हम स्वतन्त्र हैं। किन्तु यदि सूक्ष्म दृष्टि से देखें तो अभी पायेंगे कि स्वतन्त्र होने के ख्याल के आनन्द का कोमल बोझ अभी कुछ अंश तक हमारे ऊपर है। किन्तु मैंने पाया कि इसे भी हटना है क्योंकि सहज–मार्ग साधना पद्धति में अपने परम पूज्य 'श्री बाबूजी महाराज' की पावन प्राणाहुति ( Transmission ) द्वारा 'उनकी' सुदृढ़ इच्छा शक्ति के संकेत ( Suggessions ) को अभ्यासियों के अन्तर में सदैव एवं सतत ऐसे ही क्रियाशील पाया है। जो हमें बोझरहित होने के इस कोमल विचार या अनुमान से संभाल कर निकाल ले जाती है। अब जाकर वास्तविक अर्थ में हम स्वतंत्र हो जाते हैं। इसके पश्चात ही हम उन समस्त दशाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं जो अब तक ईश्वरीय सतत् स्मरण एवं सम्बन्ध द्वारा हमारे अन्दर पैठती रही है। उन समस्त समस्याओं एवं दशाओं में रमकर भी उससे किंचित मुक्ति पाये हम स्वातंत्र्य सुख को प्राप्त कर आगे बढ़ चलने के लिये तैयार रहते हैं।

यह परम सत्य इस लेख से सिद्ध हो गया है कि सहज मार्ग साधना पद्धति ही हमें सत्य स्वातन्त्र्य सुख मार्ग में प्रेषित करने वाली है। परम पावन प्राणाहुति ही इसमें प्रेरक शक्ति है जो हमें केवल प्रेरणा ही नहीं देती है वरन् हमें ऐसा बनाकर संसार को प्रमाणित कर देती है कि भारतवर्ष में आज भी योग सजीव शक्ति का संचार कर रहा है। योग आज भी जीव को ईश्वर में योग–दान प्रदान कर सकने में समर्थ है। सहज मार्ग परम स्वातन्त्र्य सुख मार्ग का दाता है यह केवल भारत को ही चुनौती नहीं है वरन् संसार इसे आजमा कर देखे और इसकी यथार्थता को अपनी आन्तरिक दृष्टि से पहचाने।

---

# सहज-मार्ग क्या क्यों और कैसे

**श्यामसुन्दर मिश्र (सीतापुर)**

सहज मार्ग :— सहज शब्द से ही ऐसी प्रतीति होती है कि मनुष्य के साथ ही साथ इसकी भी उत्पत्ति हुई होगी, क्योंकि सहज शब्द का अर्थ यह है साथ जन्म लेने वाला। अतः हमे मनुष्य की उत्पत्ति की ओर ध्यान देना होगा, जिससे सहज मार्ग की व्युत्पत्ति अपने आप होती जायेगी। इसके लिये हमें जो साधन उपलब्ध हैं वह इतने विस्तृत एवं दुरूह है कि सबका साँगोपांग परिशीलन, विवेचन हेतु अगणित जन्म लेना भी अपर्याप्त ही कहा जायगा। संक्षेप में ऋक्, यजु, साम नाम से वेदत्रयी फिर उसके ब्राह्मण, आरण्यक भाग और फिर मंत्र, छन्द तथा सूत्र। इसके लिये छः कल्प, और कल्पों में भाषा विज्ञान के पाणिनीय, सारस्वत व्याकरणों से इनका अर्थबोध भले ही हो जाय इनके सूक्ष्म भावों की प्राप्ति सम्भव नहीं। इसके पश्चात ब्राह्मण भाग में श्रेय, प्रेय विद्या – विधि निषेधादि जीवन की विविध प्रणालियाँ आरण्यक भाग से षटदर्शन। जिनमें पृथक पृथक ऋषियों द्वारा दर्शन की हुई अपनी अनुभूतियाँ, जो न्याय, वैशेषिक, मीमांसा, सांख्य, योग और वेदान्त (उत्तर मीमांस) के नाम से प्रख्यात हैं। इन दर्शनों द्वारा ही मनुष्य जीवन सम्बन्धी व्याख्यायें प्रस्तुत हैं। इसके पश्चात् इन समस्त प्रतिपादित विषयों की आख्यायिकात्मक पद्धति पर प्रतिपादित अठारह पुराण। इस प्रकार जब मनुष्य जीवन की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास करें, तो भवसागर से भी विस्तृत ग्रंथ सागर को देखकर ही साहस त्याग बैठते हैं। फिर इसको भी हमारे धर्म कर्म के आचार्यों द्वारा सम्प्रदाय बाद के बाड़ों में इस जटिलता से आबद्ध कर रखा है कि ओर छोर पाना वर्तमान संघर्षरत जीवन में, वास्तविकता का ठीक ठिकाना पाना, कठिन साध्य हो गया है। और फिर भी समस्या ज्यों की त्यों ही बनी रही, क्योंकि जब हम इस यात्रा पर इच्छा अनिच्छा से चल ही पड़े तो जब तक जहाँ से चले थे, वहाँ पहुंच नहीं जाते तब तक हमारी यात्रा का अन्त भी तो नहीं है। भला व्यवहारिक जीवन में यह कैसे संभव हो सकता है कि यात्रा के किसी पड़ाव को ही हम अपना घर मान लें। इसका अर्थ यह कि हमें इस समस्या का समाधान तो ढूंढ़ना ही पड़ेगा।

अब हम पुनः इस बात पर आते हैं कि सबसे प्रथम वेद इसके सम्बन्ध में ऐसा कहा गया है कि वेद अपौरुषेय हैं जो अब रूढ़िगत अर्थ में प्रयोग होता रह गया है। वास्तव में विद ज्ञाने धातु से वेद शब्द सिद्ध होने पर ज्ञान अपौरुषेय स्वयं सिद्ध हो जाता है। और वेद में ही इस क्या, क्यों और कैसे की विवेचना करने के बाद भी "नेति नेति,, का प्रयोग कर इस ओर इंगित किया है कि ज्ञान और केवल ज्ञान से इस समस्या का हल संभव नहीं। इसी को योगिराज कृष्ण ने इतने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि :—

त्रैगुण्य विषया वेदा, निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन।
निर्द्वन्दो नित्य सत्वस्थो, निर्योगक्षेम आत्मवान ॥

बस यही है सहज मार्ग।

उपर्युक्त भूमिका से हमारा यह तात्पर्य है कि हमारे मूल उद्‌गम स्थान तक पहुँचे बिना हमारी यात्रा का अंत नहीं और यात्रा का अंत हुये बिना हमें चैन (शान्ति) नहीं। पर फिर वही प्रश्न क्या, क्यों और कैसे हमारे सामने आ जाता है, जिसकी विवेचनात्मक प्रणाली स्वरूप वेद, श्रुति, स्मृति तथा दर्शन आपके समक्ष है। क्योंकि ज्ञान की परिभाषा ही क्या, क्यों और कैसे में समाप्त हो जाती है। अब आपको अधिकार है, कि आप भवसागर के साथ इस ग्रन्थ सागर में बौद्धिक व्यायाम करें या सहज मार्ग पर चल कर विश्राम करें।

मार्ग:— यद्यपि आगम ग्रन्थों में कर्म भक्ति और ज्ञान मार्गों द्वारा प्राप्तव्य स्थान की ओर इंगित किया गया है, तथापि इन तीनों का समन्वय करने के बजाय एक एक को पकड़कर, अपने ही मार्ग को सत्य बताकर अपने आप स्वयं वाग्जाल में फंस गये। इनका कोई दोष नहीं यह उस ब्रह्म चक्र की महिमा है और उसी में चक्कर खाने लगे जैसा कि श्वेताश्वेतर उपनिषद अध्याय १/४ में कहा है:—

तमेक नेमिं त्रिवृतं षोडशान्तं,
शतार्धारं, विंशति प्रत्याराभिः।
अष्टकैः षडभिः, विश्ववाशेकं,
त्रिमार्ग भेदं द्विनिमित्तैक मोहम् ॥१।४॥

(उ एक नेमि ( नाह ) तीन वृत्त, सोलह अन्त, पचास अरों, बीस प्रत्यरों, छः अष्टक, विश्वरूप एक पाश, तीन मार्गों, तथा दो निमित्त भूत एक मोह वाले कारण को देखा ॥)



किन्तु इससे पहले कि यह चक्र प्रारम्भ हो भूल गये कि इससे पूर्व इसी उपनिषद के मंत्र ३ द्वारा क्या कहा गया है।

ते ध्यान योगानुगता अपश्यन,
देवात्म शक्तिं स्व गुर्णैनिगुढ़ाम्।
यः कारणानि निखिलानि तानि,
कालात्म युक्तांन्यचितिष्ठत्येकः ॥१।३॥

(उन्होंने ध्यान योग का अनुवर्तन कर अपने गुणों से आच्छादित परमात्म शक्ति का साक्षात्कार किया। जो अकेले ही काल से लेकर आत्मा तक समस्त कारणों का अधिष्ठान है)

स्पष्ट है जिससे वह चक्र प्रारम्भ हुआ, वह तीनों मार्गो के समन्वयय रूप ध्यान जनित परिणामस्वरूप समाधि हुये बिना उस कालात्म युक्ता, देवात्म शक्ति और वह भी हिरण्यमय पात्र उलट कर सत्य का भेद न किये बिना उसे निगूढ़स्थ सब का दर्शन संभव नहीं।

तब तो स्पष्ट है कि उस निगूढ़स्य पुरुष के पास ही कहीं हमारा उद्‌गम स्थान है। और उस स्थान पर बिना ध्यान योग के पहुँचना संभव नहीं तो बस ध्यान योग से ही सहज मार्ग का आरम्भ है।

अब पुनः विचार ध्यान योग पर केन्द्रित होता है। तो योग दर्शन सामने आता है। इसमें साधन पाद के २९वें सूत्र द्वारा यम, नियम, आसन, प्राणायाम प्रत्योहार, धारणा, ध्यान और समाधि के नाम से आठ अंग और इनमें से एक यम के पाँच प्रत्यंग १ अहिंसा, २ सत्य, ३ अस्तेय, ४ ब्रह्मचर्य ५ अपरिग्रह तथा ५ नियम १, शौच २, संतोष ३, तप ४, स्वाध्याय ५, ईश्वर प्रणधान है इनमें एक एक साधन हेतु एक एक जन्म—वहमी हरिश्चन्द्र, मोरध्वज की तरह साहस हिम्मत पस्त। बस सहज मार्ग द्वारा जैसा की ऊपर संकेत किया गया है योग दर्शन की शास्त्रीय पद्यति के द्वारा ध्यान योग को ही केन्द्र मान कर चल देते हैं परिणाम स्वरूप ध्यान पर बैठते ही "स्थिर सुखमासनम" २।४६॥ असन वाह्याभ्यन्तर विषया पेक्षी चतुर्थः ॥ २ ॥ ५१ ॥ प्राणायाम "धारणासु योग्यता मनसा" ॥ २।५३। धारणा आदि योग के सभी अंग जन्म मृत्यु रूपी चक्र में भ्रमण करने से पूर्व, ध्यान योग के अभ्यास करने मात्र से उसके साथ ही चलने लगते हैं, और ध्यान का परिणाम समाधि होता ही है। इस पकार योग

दर्शन द्वारा प्रतिपादित सभी अंग ध्यान पर केन्द्रित हो जाते हैं और ध्यान हमारा स्वयं हृदय पर केन्द्रित हो जाता है जहाँ पर गीतोक्त:—

"ईश्वरः सर्व भूतानाम् हृद्देशे अर्जुन तिष्ठति"

और वहीं से हमें यह स्पष्ट हो जाता है, कि वहीं पर इसका एक छोर है, जो :—

"भ्रामयन्सर्व भूतानि यन्त्रारूठानि मायया"

अर्थात ब्रम्ह का कार्य रूप ईश्वर (कार्य ब्रह्म) हृदय मे है और वहीं से माया यंत्र संचालित है। तो बस मेरा संकेत है कि बस यहीं पर सहज मार्ग है।

अब जब हमें पता चल गया कि उस निगूढ़स्थ पुरुष का कार्य रूप ईश्वर हमारे ही हृदय के देश द्वरा माया चक्र चला रहा है और हमजन्म मरण के चक्र में चक्कर खा रहे हैं तो बस हमको स्पष्ट हो गया कि यह माया चक्र जिसकी इच्छा से चल रहा है, । उसी पर हम अपनी इच्छायें भी छोड़ दें और कह दें कि यह सब इच्छायें मेरी हैं ही नहीं – सब तेरी ही हैं – बस यही है भक्ति मार्ग, आत्म समर्पण भक्ति की पराकास्ठा अथवा सहज मार्ग।

"गति मंर्त्रा प्रभुः साक्षी, निवासः सरणं सुहृत"।

प्रभवः प्रलय स्थान, निधान बीज भव्ययम् ।६।१८।।

अब लीजिये ज्ञान मार्ग " अथा ब्रह्म जिज्ञासा से प्रारम्भ कर "अनावृत्ति शव्दात आनावृत्ति शव्दात्" ।।४।४।२२।। उस ब्रम्ह से यानी वहाँ सेन लौटने की बात सिद्ध की गई है और उस निगूढ़स्थ पुरुष को :—

अन्धन्तमः प्रवशन्ति, ये अविद्यामुपास्ते ।

ततौ मूप इवते ततौ य उ विद्यया रतः ।।६। ईशा०।।

और

"तद्विदितादधौ अविदितादधि" अर्थात् जो अविद्या की उपासना करते हैं वह अन्धतम में प्रवेश करते हैं वैसे हौ विद्या की उपासना करने वाले भी। क्यों कि वह तो अविदित से परे और विदित से अन्य है। ऐसा सुना है। जिसके लिये पुरुष ए वेदं विश्वं कर्म तयो ब्रह्म पराम्रतम्।

एतद्यो वेद निहितं गुहायां, सो अविद्या ग्रन्थि विकरतीह सौम्य ।।२।१।१०।मु०।।

इस प्रकार इस "बुहार" को जानना ही ज्ञान की परिसमाप्ति है। इसे पूर्व में ही श्वेताश्वेतर उपनिपद के मंत्र १।३। द्वारा ध्यान योग से ही प्राप्ति संभव



मान कर हम सहज रुप से ही ब्रह्म पुरुष के कार्य रुप ईश्वर को, जो हमारे ही हृदयस्थ गुहा में स पुरुष शेते – वह पुरुष सो रहा है – जान लेते है।

इस प्रकार इस छोर को पकड़ कर हम और ऊपर चढ़ने में समर्थ हो जाते हैं, क्योंकि यही उसका जिसका हमे पता पाना है – सजातीय है।

अब रहा कर्म माग :— ज्ञान मर्ग के "सन्यस्तध्वात्म चेतना" द्वारा कर्म सन्यस्त न हो कर :—

यत्साख्ये प्राप्ते स्थानं तद्योगैरपि गम्येते ।

एकः सांख्यं च योगं च, यः पश्यति स पश्यति ।।

से स्पष्ट हो जाता है कि सांख्य सन्यास से जो स्थान प्राप्त है, वही योग से। जो दोनों को एक ही देखता है वहीदेखता है।

इस प्रकार सहज मार्ग द्वारा वह निगूढ़त्व पुरुष सहज ही प्राप्त हो जाता है। अब हम स्पष्ट कर चुके कि हम हृदयस्थ पुरुष से ध्यान योग द्वारा सजातीयत्व स्थापित कर, भक्ति, कर्म, ज्ञान को एक रूप कर सहज ही इस एक छोर से प्रगाढ़ सम्बन्ध स्थापित कर अपनी यात्रा प्रारम्भ कर देते हैं। किन्तु प्रश्न यह शेष रह जाता है, कि दूसरा छोर जो मनुष्य मनु + ष्य — मन + स को जाने विना छूट जाता है। क्यों की उस पुरुष की पकड़ तो उसी से हो सकती है कि विना उसके हमारे पास उस सजातीय तक पहुँचने के साधन जो नहीं हैं। यह स्पष्ट है कि "सः ऐक्षत इच्छांश्चक्रे" आदि श्रुटियाँ इसी ओर इंगित करती हैं, और योग दर्शन चित्त वृत्तियों के निरोध पर ही केन्द्रित है। किन्तु यह मन – जिसके चित्त और इच्छा रूप है "वायुरेवसुदुष्कर्म प्रमाथि वलवद्दृढ़प" वायु की तरह दुष्कर और प्रनयशील है। बस यही वह रहस्य है जिसे केनेष्यितं पतति प्रेषितं मनः केनप्राणः प्रथमाः । प्रेतियुक्तः किसके द्वारा प्रेषित मन अपने विषयों पर गिरता है, और किसके द्वारा प्रथम प्राण स्पन्दित होता हैं। इसी समस्या का समाधान 'राजविद्या राजगुह्यं, पवित्रमिदमुत्तम' द्वारा राजयोग के नाम से नारायण, वृह्मा, मरीचि, विवस्वान, सूर्य, मनु और मनु से इक्ष्वाकु से कही गई। किन्तु कालान्तर में "वेद वाद रता" वेदवाद रत होकर खो गया। किन्तु फिर भी यह नितान्त सत्य है कि यही राज योग हमारा सहज मार्ग है – योगः कर्म सु कौशलम् है। यही हमारा सजातीय है, और यही

उस हृदयस्थ पुरुष का सजातीय है। और वह हृदयस्थ पुरुष ही उस सर्वशक्तिमान, सर्व दृष्टा, सर्वज्ञ का सजातीय है। बस केवल और केवल यही रहस्य है जिसे योग, कर्मसु कौशलम द्वारा पा लेना हैं। बस यही वहसहज मार्ग है-है न आप के ही साथ।

अब हम इस निष्कर्ष पर पहुंच चुके हैं, कि हमारी यात्रा का एक छोर मन सा जाता है, क्यों कि सहज व्यवहार में भी जहाँ तक जगत के नेह नाते हैं, सब इसी मन से बनते और विगड़ते हैं - पर मन का पाना भी है कठिन काम। इसे हमारे परम पूज्य बाबू जी श्री राम चन्द्र जी महराज के शब्दों में "जहर के पास ही जहर मोहरा है" इस एक सूत्र से समझ लीजिये।

अब हम अधिक न कह कर इतना और कह दें कि इस मन को पकड़ने के लिये श्रद्धा, और विश्वास पूर्वक योग्य गुरु के चरणों में पूर्ण आत्मसमर्पण किये विना अनन्य भाव से उपासना किये बिना इस भवसागर से तरना असम्भव है। मार्ग सहज है – रहस्य खुल चुका – जिस प्रकार ब्रह्मांड की रचना ब्रह्म करता है उसी प्रकार यह चतुरानन, मन, बुद्धि चित्त, अन्तःकरण (अहं) रुप होकर अपनी रचना करता रहता है। जिसे पूज्य बाबू जी ने इस भौतिक संसार में मनुष्य का अस्तित्व विल्कुल सृष्टि की नकल है, ईश्वर की पूर्ण अभिव्यक्ति व्यक्ति ही है। व्यक्ति के जीवन का शून्य या केन्द्र और ईश्वर की अभिव्यक्ति का केन्द्र वस्तुतः एक ही है स्पष्ट कर दिया। फिर देर क्या ?

पर नहीं अभी देर है, क्योकि योग्य गुरु पाना कोई सहज कार्य नहीं है। खैर अधिक न कहकर गुरु की यह पहचान भी संक्षेप में कहना अभीष्ट है। वह यह कि 'तत्पदं दर्शितं येन' उस गूढ़स्थ पुरुष पद को पहुंचा हुआ गुरु जिसे वेदान्त सूत्र में 'उपपन्नस्तद लक्षणार्थोपिलब्धेलोंकिवत' ।।३।३।३०।। उस देव यान मार्ग द्वारा ब्रह्म लोक में जाने के उपर्युक्त सूक्ष्म कारण शरीरादि उपकरणों की प्राप्ति के कायम होने से उनके लिये ब्रह्म लोक में जाने का कथन युक्ति संगत है। लोक में भी ऐसा ही देखा जाता है। जिसे ।।प्र०।उ०३।१०।। में मुख्य प्राण उदान वायु में स्थित हो मन इन्द्रियों से युक्त जीवात्मा को उसके संकल्पानुसार उस लोक में ले जाता है। तथाः—

'तन्निर्धारणानियमस्तद् दृष्टे पृथग्ध्य प्रतिबन्धः फलम् ।।३।३।४२।। भोगों के भोगने का निश्चित नियम नहीं है क्योंकि यह बात उस प्रकरण में बार–



बार यदि' शब्द से देखी गयी है। इसके सिवा दूसरा कारण यह भी है, कि कामोपभोग से भिन्न संकल्प वाले के लिये जन्म मरण के चक्र से छूट जाना ही फल बतलाया गया है। एवं इसी को मुण्डकोपनिषद में इस प्रकार कहा गया हैः—

'गताः कला पंचदश प्रतिष्ठा देवाश्च सर्वे प्रति देबतासु।
कर्माणि विज्ञान मयश्च आत्मा, परेअव्येय सर्व एकी भवन्ति' ।।३।२।७।।

उसकी पन्द्रह कलायें अर्थात् प्राणों सहित समस्त इन्द्रियाँ अपने अपने देवता (प्रकाश) में विलीन हो जाती है। उसका जीवात्मा और कर्म संस्कार यह सबके सब अविनाशी ब्रह्म में एक हो जाते हैं। तथा 'अविभागी वचनात' ।।४।२।१६।। ब्र०सू० बचन से मालूम होता है कि अविभाग नहीं रहता। इससे यह स्पष्ट होता है, कि जिन आप्त काम, निष्काम महापुरुषों द्वारा शरीर ब्रम्हलीन स्थिति प्राप्त कर ली जाती है, व वह महापुरुष अपनी प्राणाहुति द्वारा इस चंचलात्मक मन को उस हृदयस्थ पुरुष का छोर थमा देता है। वैसे जो भी हो वर्तमान में हमारे पूज्य बाबूजी महाराज सशरीर ही ब्रम्हनिष्ठ हैं, ऐसा हमारा विश्वास है। तो बस अब मुझे जो कहना था कह चुका।

अब हम इस प्रकार राज योग के सहज मार्ग पर श्रद्धा और विश्वास पूर्वक गुरु को आत्मसमर्पण कर उसकी प्राणाहुति के सहारे सहज ही साक्षात्कार द्वारा परमशान्ति लाभ कर सकते हैं यही हमारा लक्ष्य है।

निष्कर्षः—

१–सहज मार्ग सह+ज से सिद्ध हुआ कि साथ ही जन्मता साथ ही रहता और सहज ही प्राप्त होता है। इसका एक छोर मन दूसरा छोर निगूढ़ पुरुष है–यही उसका सजतीय है। यह है इसका क्या।
२–बिना इसके भवसागर तिरना ब्रम्ह चक्र का भेदन संभव नहीं। यह है क्यों।
३–अब रहा कैसे–उसके लिये स्पष्ट कर चुका कि उन

'अभी होश बाकी रहा जिन्दगी में, बहुत खामियाँ हैं अभी बन्दगी में'
उन खामियों को दूर करें होश खो दें। तथाः–

'दीवाने हाय इश्क के होते हैं ढंग अजीब
यह आँख बन्द करते हैं दीदार के लिये'

बस आँख बन्द कीजिये औरः—

'दिल के आइने में है, तस्वीर यार
जब जरा गरदन झुकाई देख ली'

परन्तु होश तो खोना ही पड़ेगा। 'इश्क' प्रेम दीवाना तो होना ही पड़ेगा। बस यही है हमारा सहज मार्ग। इस प्रकार के अभ्यास से इश्क की तासीर में कामिल जज्बा आयेगा और फिर आप देखें लैला की फस्द खोलने पर मजनू की रगों से खून टपकता है या नहीं। यहीं पर भक्ति, कर्म, ज्ञान, एक होकर उसी में तदाकार होते हैं। गुरु की शक्ति साथ है समर्पण आपका आगे गुरु इच्छा।

# सहज मार्ग की सहजता

( रमापति डींगर )

कोई भी रास्ता हो, उसके दो सिरा अवश्य होंगे। एक तो जहां से वह आरम्भ होता है और दूसरा जहां उसका अन्त होता है। रास्ता चलने के लिए पन्थी भी आवश्यक है और रास्ते के किनारे २ वृक्ष, कुंये, सराय, होटल आदि भी होते ही हैं। अधिकांश रास्ते बनाये जाते हैं, संवारे जाते हैं किन्तु कुछ रास्ते स्वत: बन जाते हैं और उन्हें कोई नहीं संवारता बनाता उदाहरणार्थ गांव की पग-डंड़ियां स्वत: बनती हैं और विधवाओं की मांगों की भांति सूनी-उजाड़ हो जाती हैं। उन पर चलने वालों की संख्या भी बहुत कम होती है किन्तु अपनी सादगी में, आराम देने में, शीघ्र मंजिल तक पहुंचा देने में वह अपना उदाहरण आप ही होती है। उनकी सुगमता उनकी उपादेयता तथा प्रभावीपन से कोई मना नहीं कर सकता। यह पगडंडियां ऊसर बंजर में दूर से बटोहियों को दीखती हैं और पक्के वादों की भांति स्थिर रहती है। अन चली या कम चली राहें भी बहुधा ऐसी ही होती हैं।

किसी भी रास्ते के बनाने से पूर्व उसके बनाने की आवश्यकता पर विचार करना ही पड़ता है। गन्तव्य और उसतक पहुँचनेकी आवश्यकताके अनुसार रास्ते की भी आवश्यकता घटती बढ़ती रहती है। राही किसी राह पर चलने से पूर्व प्रथम गन्तव्य पर अपने पहुँचने की आवश्यकता का माप लेता है, तब यह सोचता है कि कौन सा मार्ग चले जिसमें कम परिश्रम हो, कम समय लगे और खतरे का नितान्त अभाव हो। राह में दिलचस्पियाँ हों तो और भी अच्छा है। इसलिये जहाँ राह का सुहाग राही होता है वहाँ राह भी राही की अस्थायी संगिनी बन जाती है। हमारे जीवन की ऐसी ही है।

लम्बी राह पर चलते चलते जब किसी पथिक को अपने देश की अपने घर की याद आ जाती है तो वह ठिठक जाता है, कभी कभी रुक जाता है। और पीछे की ओर घूम जाता है। कभी कभी अपने घर की ओर देखने भी लग जाता है। ऐसा भी होता है कि राह चलने की निरर्थकता को समझ कर कभी कभी वह घर की ओर पुन: चल पड़ता है। संसार में विकास के

पथ पर चलते चलते मानव भी यदा कदा यही क्रियायें करता है। उसकी इन क्रियाओं ने उसके भूले बिसरे गन्तव्य को उसके मानस में उभारा है और उसकी बुद्धि ने, उसकी अनुभूति ने गन्तव्य के सम्बन्ध में विचित्र किन्तु सुखद, उजड़ी उजड़ी किन्तु मनोरम, खोयी खोयी किन्तु उपलब्धियों से पूर्ण स्थितियाँ दी हैं। इनकी पैदावार है कुछ पथिकों के हृदय में दबी अलिखित अनुभूत अनुभूतियाँ और कुछ ने दे डाला है लिखित धार्मिक साहित्य। चलते चलते मानव के ठिठकने में धर्म को जन्म दिया, रुककर घूम जाने में आध्यात्मिकता को उत्पन्न किया, गन्तव्य की ओर उन्मुखता ने वास्तविकता की नीव डाली और उस ओर लौटने में आनन्द का सूत्रपात किया। गन्तव्य पर क्या होगा यह बात तो पहुचाने वाले भी नहीं बताते।

संसार में इन क्रियाओं एवं प्रतिक्रियाओ ने आते समय विकास को निर्माण को बनाया संवारा और लौटते समय निर्माण और नाश को प्रत्यक्ष किया है। हमारा धार्मिक साहित्य इन्हें समझ पाने, इन्हें अपने अधिकार में करने और इनसे स्वेच्छापूर्वक कार्य सम्पादन कराके गन्तव्य पर पहूंचाने का ही उपक्रम है। इसका आशय यह हुआ कि घटना के पथ पर अग्रसर होना और विघटन के पथ पर लौटने मे जो रहस्य है उस पर अधिकार करने की कला ही मानव को मंजिल तक पहूँचा सकती है। इस ज्ञान की जिज्ञासा ने मनीषी विचारक तपस्वी सभी प्रकार के कठिन कर्मा पैदा किये। उन्होंने ईश्वर तक उसके लोंक तक पहूंचने के विभिन्न रास्ते बताये। कुछ ने केवल विचार से ही एक निश्चित राय बना ली कुछ ने अपनी राह पर चल कर बताया और कुछ ने चली राह चल कर अथवा अपने पूर्व वर्ती व्यक्तियों के पद पर चिन्ह देख कर ही कह दिया कि यही ठीक राह है।

इन निश्चयों सम्मतियों और प्रयत्नों ने रास्तों का एक जाल बिछा दिय। जिस में साधारण मार्ग मानव उलझ कर रह गया है और वह अब इतना खीझ गया है कि वह गन्तव्य अथवा उस तक पहूँचने के बारे मे सोंचना भी नहीं चाहता भी अन्य राहों की भाँति समय की चपेट खाते खाते दुर्गम खतरनाक तथा बिना पथ प्रदर्शक के हैं। कहीं कहीं वह घूम कर किनारे बनै होटलों सरायों में समाप्त हो जाते है। फिर भी भूतकाल में यह रास्ते चले गये थे।

आज का राही मानव ईश्वर की राह पर चलने से पहले जब इन बने



बिगड़े, नये पुराने रास्तों को देखता है तो स्तम्भित हो जाता है। किसको पकड़े किसको छोंड़े ? सभी गन्तव्य तक पहुँचाने का वादा करते हैं किन्तु पता नहीं कौन ठीक है कौन गलत मार्ग दर्शक कोई है नहीं, दूर से इधर ही बढ़े जाओ दूर आगे है कहने वाले बहुत हैं। आज के पथिक को यह भी भय है कि इस मार्ग पर मंजिल मिलेगी भी अथवा नहीं।

इस समय अन्य धर्मावलम्बियों को छोड़ के केवल हिन्दू धर्म में ही ईश्वर तक पहुंचने के अनेक मार्ग हैं। सभी निःश्रेयस, मोक्ष, मुक्ति अपवर्ग, सायुज्जता निर्माण आदि विभिन्न नामो के माध्यम से ईश्वर-प्राप्ति कराने का दावा करते हैं। इनमें से प्रधान तीन रास्ते हैं। (१) दान (२) तप तथा (३) यज्ञ दान के अन्तर्गत (१) अभय दान (२) ब्राह्मदान तथा (३) अर्थ दान आते हैं। तप शारीरिक तथा मानसिक दो प्रकार के होते हैं और यागस्त्रिधा कांड त्रैयत्वात के अनुसार यज्ञ तीन प्रकार के होते हैं— (१) कर्म यज्ञ (२) उपासना यज्ञ (३) ज्ञान यज्ञ कर्म। ६ प्रकार के होते हैं १- नित्य २- नैमित्तक, ३- काम्य, ४— आध्यात्म, ५— अधिदैव, तथा ६—अधिभूत। उपासना अनेक प्रकार की है जैसे ब्रह्मोपासना, पंचोंपासना, अवतारोपासना, देव, ऋषि, पितरोपासना मंत्र, योग, हठयोग, लययोग, राजयोग आदि संक्षेप साधारण मानव धर्म के २४ अंग होते हैं और सत् रज तथा तम की तीनों दशायें मिल कर ७२ हो जाते हैं भला सोचिये इतनी राहों से कौन परिचय प्राप्त कर सकता है, इन पर चलना तो बहुत बड़ी बात होगी।

एक बात जो रह रह कर खटकती है वह यह है कि जब खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सृष्टि के पूर्व कुछ नहीं था, शून्य था फिर विकास होता गया और ब्रह्माड बनता गया, यह भी मान लिया की यथा अंडे तथा पिण्डे जो समष्टि में है वही व्यष्टि में है, यह भी माना हुआ है ही कि यह दोनो बाद में बने या आये तो किसी न किसी रास्ते से ही होंगे। वह रास्ता रास्ता क्यों नहीं रहा ? नये नये मार्गों को खोजने का कारण क्या है ? लगता है कि पिण्ड तथा अण्डा को देख कर जब मानव आश्चर्य से चकित हो गया तो सोंचते सोंचते वह इन्हें बनाने वाले के अस्तित्व तो मान गया किन्तु उस तक पहूंचने के लिये पुनः वह बाहर से भीतर की ओर चला। इस प्रक्रिया को उसने कर्म तथा ज्ञान की संज्ञा दी, दक्षिणायन तथा उत्तरायण मार्ग से कृष्ण तथा शुक्ल गति का अन्वेषण किया। इस प्रकार मंजिल की झाँकी तो मिली, सच्चिदानंद

ब्रह्म को तो खोज निकाला किन्तु फिर भी कुछ शेष रह गया। दिल्ली अब भी दूर है बनी रही।

इन सभी मार्गों तथा उनमें बताये गये कष्ट प्रद, समय के अनुपयुक्त, साधारण व्यक्तियों के लिये असुलभ साधन क्रियान्वित करना हर एक की वश की बात नहीं है। यह बात भी ठीक नहीं जचती कि उस परम पिता परमात्मा ने अपने पास आने के रास्ते कुछ ही व्यक्तियों के लिये खुले रक्खे हों क्योंकि इन मार्गों पर चलकर सभी तो उस तक पहुँच नहीं सकते। यदि हम विचार करें तो हम यह देखेंगे कि इन कठिनाइयों का ध्यान करके समय समय पर विचारक- सुधारकों ने इन समस्त रास्तों को सरल बनाने का प्रयत्न ही नहीं किया वरन् इन रास्तों के सैकड़ों उप विभाजनों में से एक ही को अलग रास्ता मान लिया। अर्वाचीन काल में उपासना यज्ञ के अन्तर्गत भक्ति को बड़ा ऊंचा स्थान दिया गया। धर्म का सहजीकरण इस सीमा तक किया गया कि नाच गाना तथा मनोविनोद कीर्तन-श्रवण निदिध्यासन का नाम पा गया और निम्नस्तरीय भावों को अश्लीलतापूर्ण मुद्राओं को ज्ञान तथा तप की संज्ञा दे दी गयी। आज की मान्यताओं अवस्थाओं, वर्तमान मतमतान्तरों से सभी लोग परिचित हैं। इनमें सहजता कहां तक है यह बात सभी जानते हैं।

शब्द सहज दो अर्थों में साधारणतः प्रयुक्त होता है। एक तो उसका अर्थ होता है प्राकृतिक, दूसरा है सरल। वेदोत्तर विचारों वाले सुधारकों ने अपने अपने मार्गों को इस द्वयर्थक शब्द से संबन्धित कर एक ओर ज्ञानियों को तथा दूसरी ओर साधारण लोगों एवं अकर्मण्यों को आकृष्ट कर लिया। बंगालियों ने सहजिया संप्रदाय चलायी, बौद्धों ने सहजयान मत आरम्भ किया, वैष्णव सम्प्रदाओं ने केवल भक्ति के बल पर चारों पदार्थ और घाते में ईश्वर देने का बीड़ा उठाया किन्तु क्या वास्तव में सहज का अर्थ सरल ही है? क्या यह मार्ग प्राकृतिक हैं? क्या बिना प्रकृति से तदाकारता प्राप्त किये ही ईश्वर मिल सकता है? यह प्रश्न तब भी शेष थे और अब भी शेष हैं।

मनुष्य का संपूर्ण जीवन कर्म है। ईश्वर प्राप्ति का कोई भी मार्ग हो वह भी मनुष्य जीवन का ही एक कर्म है। वेदों ने कर्मों को तीन भागों में बाँटा है- १-सहज २-ऐश तथा ३-जैव जैव कर्म के पुनः तीन विभाजन हैं प्रारब्ध, क्रिमाण तथा संचित। सहज कर्म वही हैं जो प्राकृतिक हैं और जो प्राकृतिक संस्कार बनाते हैं जिनसे मोक्ष मिलता है, अन्य कर्म अप्राकृतिक संस्कार बनाते हैं और



यह बंधन में डालते हैं। रजोगुण घटन अथवा विकास का कारण है तथा तमो गुण विघटन अथवा प्रलय का। इनमें संतुलन बनाये रखने का सत् का है। अतः जो धर्म संतुलन नहीं ला सकता है वह पूर्ण रूप से सहज धर्म नहीं हो सकता। प्रचलित मार्गों में सहज कर्मों के करने के लिये कहाँ तक शिक्षा दी जाती है और वह सत् के कितना निकट ले चलते हैं यह बात विचारणीय है।

साधारण मानव का प्रश्न कि फिर प्राकृतिक मार्ग कौन है अब भी शेष है हम विचार चुके हैं कि जब मानव यहाँ तक आया है तो किसी न किसी राह से आया ही होगा। हम वह राह क्यों भूल गये। इस बात का उत्तर पाने के लिये हमें सृष्टि के विकास क्रम पर दृष्टिपात करना होगा। जब शून्न में संकल्प हुआ, क्षोभ हुआ. प्रथम स्पन्दन हुआ तब तक कुछ नहीं था बाद में स्पन्दन नीचे की ओर चला क्रिया प्रतिक्रिया होती गयी, उष्णता बढ़ती गयी, आवरण, स्पन्दन को ढकते गये, ठोसता बढ़ती गयी और अन्त में मानव तैयार हो गया यह प्रथम स्पन्दन का शाहकार है। इसमें उसकी सभी कलायें वर्तमान हैं। नीचे उतरते उतरते प्रथम स्पन्दन के गुणों से युक्त होने के कारण मानव के मन ने भी अपनी अलग सृष्टि आरम्भ कर दी है और वह अपने संसार का अधिपति बन बैठा। वह अपने संसार में बुरी तरह आसक्त है, जैव कर्म करता, उनका फलाफल भोगता नित्य नयी सृष्टि बनाता और मकड़ी की भांति अपने बनाये जाल में फसता जाता है। सहज कर्मों से वह अलग हो गया है। अब जब स्वदेश लौटने की बात आती है तो वह भूले हुए सहज मार्ग की याद नहीं कर सकता। वह प्रथम जैव कर्म कृत मार्ग पर ही चलकर वहां पहुँचना चाहता है और बाद में ऐश कर्मों द्वारा। सहज से तो नाता ही नहीं रहा। किन्तु यह कर्म उसे बन्धनों से मुक्त नहीं कर सकते। सृष्टि का वैज्ञानिक विकास परम पूज्य बाबू जी के अतिरिक्त कोई नहीं बता सका है। वह कहते हैं Before creation came into effect, there was only the latent motion around the centre and ajacent to it and in it was present the idea of creation ( Kashobh ) You may call it motion, vibrations, force or any thing for your understanding. It was the ultimate cause of creation and of everything else necessary far it. When the time of creation came, the idea which lay

hidden or sleeping in the latent moti on matured and churned up the whole motion and created a force or power which rushed out.

The latent motion generated power which rushed out and created some thing that can for the sake of understanding be expressed as the eggs of a fish in the spawn. These egg like things are full of concentrated essence of power and energy created by invisible motions. Now all these three i.e. the centre, the latent motion and the so called egg like things are so adjacent to one another that it is very difficult to distinguish them, each separately and all seems as one or adjusted together as one,

There is one cell (egg like thing) which is bigger and brighter than all the rest. You may call it the Master cell. The Master cell is directly connected with and controlling the world we love in so, we have almost the same power as posseesed by the Master cell.

इससे प्रकट है कि हमने शून्य की ओर पीठ की, चले और हमने स्वयं रास्ता बनाना आरम्भ किया। स्पन्दन शक्तिशाली था, तेजी से बढ़ा। गिरने में वह यदा कदा उलटता रहा और हमारी राह में गांठ या चक्र बनते गये। अब चलते चलते हम श्रम शिथिल हो चुके हैं, पाँव धीरे धीरे उठते हैं किन्तु फिर भी हम अग्रसर हैं। इस प्रकार हम जिस रास्ते से चले आ रहे हैं वही है प्राकृतिक रास्ता सहज-मार्ग।

सहज का अर्थ है सहज, अर्थात् सृष्टि के साथ साथ जन्म पाया हुआ अथवा हमारे साथ जन्मने वाला (स-अह-ज)। जैसा कि हमने देखा, हमारे यहां तक आने का रास्ता गाँव की पगडंडी की भांति हमारे साथ साथ उत्पन्न हुआ और हमारे साथ साथ बढ़ता चलता है। इसके दो सिरे हैं, हम और वह और इन्हीं दोनों के मिलने से वह जन्मा है (सह-अह-ज) और इसके बनने का उद्देश्य है कि वह हमें उससे मिल जाने वाली स्थिति को जन्म दे। ऐसा प्रतीत होता है कि स्पन्दन जिस प्रकार पग पग पर ठोसता एकत्रित करता हुआ अपने



वर्तमान रूप को प्राप्त हुआ है यदि वह वैसे ही ठोसता छोड़ता उसी स्थान को वापस चला जाय जहां से आया था तो इस वापसी को ही सहज अथवा प्राकृतिक रास्ता कहा जा सकता है। सहज तो तभी होगा जब वह चलने में सुगम हो, छोटा हो और मंजिल पर पहुँचाता हो।

भारतीय साधना पद्धति की चार विशेषतायें हैं ( १ ) कर्म, उपासना तथा ज्ञान की त्रिवेणी द्वारा प्रवृत्ति तथा निवृत्ति में सामंजस्य स्थापित करना अन्दर बाहर एक होना ( यदन्तरम् तद्वाह्यं, यदवाह्यम् तदंतरम् ), २—प्रवृत्ति परायणता तथा निवृत्ति परायणता का एक में मग्न हो जाना, ३—द्वैत को अद्वैत को हृदयंगम करना और आनन्द की ओर बढ़ना तथा ४—प्रत्येक साधक की अवस्था के अनुसार उसे साधना में प्रवृत्त करना। इन चारों में सामन्जस्य तथा अन्तिम सत् की ओर बढ़ने पर ही जोर है (असतोमा सदगमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्यो: मा मृतं गमय आनन्दाद्धि खलु इमानि भूतानि जायन्ते) कुछ लोग (द्रष्ट: स्वरूपे अवस्थानम्) ज्ञान पर आरूढ़ होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करो—का नारा लगाते हैं किन्तु वेद ज्ञान और कर्म के सह समुच्चय को ही महत्व देते हैं। उनका कहना है कि इस प्रकार के समुच्चय से तत्व ज्ञान प्राप्त होगा, सम्यग्दृष्टि मिलेगी और तभी मंजिल मिलेगी (भिद्यते हृदय ग्रन्थि: छिद्यन्ते सर्व संशय: क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन दृष्टे परावरे)। इसके प्रतिकूल वर्तमान साधनायें अपना अपना राग अलापती हैं। इसीसे स्वामी विवेकानन्द ने कहा है—राजयोग ही अभ्यासी को धुर तक पहुंचा सकता है। हठयोग राजयोग तक पहुंचाने का सोपान है। रोशनी उस गुरू से लेनी चाहिये जिसमें प्राण शक्ति प्रदान करने की शक्ति हो। हमारा समस्त प्राचीन साहित्य चिल्ला २ कर कहता है कि अन्तिम सत्य तक केवल ध्यान योग के द्वारा ही पहुँचा जा सकता है फिर भी हम वह बात नहीं सुनते। वास्तव में सारे के सारे मार्ग ईश्वर तक पहुँचाने वाले राजयोग नामक पथ में ही आकार मिलते हैं और बिना उस पर चले कल्याण की आशा निर्थक है। ऐसा प्रतीत होता है कि कुशल राजयोगी के गुरुओं के अभाव में यह राह लोगों से छुड़वा दी थी। सहज-मार्ग में राजयोग तथा सद्गुरु दोनों ही उपलब्ध हैं। अत: यह निश्चिय है कि ईश्वर प्राप्ति अथवा आत्म-साक्षात्कार केवल राजयोग के अनुसरण से ही प्राप्त हो सकता है। जहाँ वृत्तियों में संतुलन नहीं, जो प्रवृत्तिपोषक हैं, जहां द्वैत, अद्वैत का झगड़ा ही

बना रहता है वहाँ से ईश्वर बहुत दूर रहता है। बाबू जी ठीक ही कहते हैं कि ईश्वर ब्रह्मचारी से १० कोस और सन्यासी से २० कोस दूर रहता है।

सहज मार्ग में अन्य मतों की भाँति रास्ते के किसी ठिकाने को ही मंजिल नहीं मान लिया गया। यहाँ तो अन्तिम ठिकाने को ही ठिकाना कहा गया है और उसी की उपलब्धि को ही मोक्ष। बीच के आनन्द तो देते हैं किन्तु वह परम पद नहीं हैं। सहज मार्ग के अनुयाइयों का ईश्वर बिना शक्ति की शक्ति है। उसकी प्राप्ति में जो आनन्द मिलता है वह ऐसा आनन्द है जिसमें आनन्द का आनन्द नहीं है। इस मार्ग पर उल्टा सफर करते हुए प्रकृति से ऊपर जाकर शून्य में खो जाना ही उच्चतम स्थिति है। इस स्थिति को प्राप्त करने हेतु जिन साधनों का उपयोग किया जाता है वे अत्यन्त सरल तथा प्राकृतिक हैं। उनमें जटिलता नहीं है। यह न करो, वह न करो, यह छोड़ दो वह न छोड़ो आदि निषेधात्मक आदेशों की बहुलता यहां नितान्त अभाव है। अन्य मार्गों के विपरीत सहज मार्ग प्रकृति मार्ग है, यह समझने के लिये उस पर एक विहंगम दृष्टि डालेंगे।

यदि सरलता पर विचार करें तो सहजमार्ग में निम्नलिखित बातें मिलेंगी।

१—सहज मार्ग सर्वसाधारण के लिये सुलभ है। बिना किसी बंधन के वह सबका स्वागत करता है। ईश्वर के सभी सेवकों के लिये उसका द्वार खुला है। चाहे विद्वान हो चाहे अपढ़, हिन्दू हो अथवा अहिन्दू सभी सम लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

२—यह समझने तथा करने दोनों में सरल है। संस्कृत का ज्ञान आवश्यक नहीं, कड़ी-कड़ी तपस्याओं का यहाँ विधान नहीं, पहले घरवार छोड़ने और तप ईश्वर की राह पर आने का आदेश नहीं। प्रत्येक साधक अपनी स्थिति के अनुसार रहता हुआ इसे अपना सकता है, किसी उच्च कुल में उत्पन्न होना आवश्यक नहीं है।

३—जहाँ अन्य मतों तथा धर्मों में मुमुक्षु की पात्रता पर बड़ा जोर है और सद्गुरु की जिम्मेदारी कम है वहीं सहज मार्ग में सद्गुरु पर सभी कुछ निर्भर रहता है। अभ्यासी अच्छा हो या नहीं सद्गुरु सबको सुपात्र बना लेता है। अभ्यासी वास्तव में कोई साधना नहीं करता, वह केवल सहयोग देता है। बिना पूर्ण सहयोग के तो कोई भी काम नहीं हो सकता। हम डाक्टर को अपना हाल न बतायें, वह आपरेशन करना चाहे और हम व्यवधान



उत्पन्न करें तो वह क्या कर सकता है? सच बात तो यह है कि–कश्ती पे बैठने का सलीका भी चाहिये, कश्ती का जिम्मेदार फकत ना खुदा नहीं।

४—अभ्यासियों को कुछ छोड़ना छाड़ना नहीं। अन्य मतों की भाँति हमें पहले त्याग तथा वैराग पैदा करके अभ्यास आरम्भ करना नहीं। अन्य धर्मों में विवेक और वैराग्य साधन हैं किन्तु सहजमार्ग में यही परिणाम बनकर स्वतः आते हैं। अभ्यासी अनजाने बदलने लगता है और कुछ ही दिनों में वह एक नया व्यक्ति बन जाता है और मजा यह कि उसमें उसका कुछ भी कृतृत्व नहीं होता।

५—साधारण जीवन में बरतने हेतु अत्यन्त सुसाध्य दस उसूल हैं जिन्हें साधारणतः करते रहने पर प्रत्येक व्यक्ति का समस्त व्यक्तित्व प्रकाशित ही नहीं होता वरन् उन पर चलने से वह अपने चारों ओर एक ऐसा वातावरण उत्पन्न करने लगता है कि उसके सम्पर्क में आने वाले लोग भी उसी दिव्यता में निमज्जित हो जाते हैं।

६—इस रास्ते पर चलने वाले के पर लग जाते हैं और वह एक ही जीवन में पूरा सफर समाप्त कर लेता है।

सहजमार्ग ही एकमात्र प्राकृतिक रास्ता है, यह बात इससे स्पष्ट हो जायेगी:—

इस मार्ग में मनुष्य उसी राह से ईश्वर तक जाता है जिस राह से वह यहाँ तक आया है। वह भीतर से बाहर आया है और अब उल्टा चलकर बाहर से भीतर जाता है। वह यहाँ तक प्रथम स्पन्दन पर चढ़कर आया है जो मन के रूप में हम सब में वर्तमान है। इसी पर चढ़ कर पुनः जाना होगा, किन्तु इतने दिनों में यह संसारी बन चुका है, अपना संतुलन खो चुका है अतः वेदों के आदेश के विरूद्ध चलता है और प्रवृत्ति तथा निवृत्ति में सामन्जस्य स्थापित नहीं होने देता। यदि यह मित्र बन जाय और हमारा कहा करने लगे तो सब काम चल जाय। दूसरे धर्मों में मन को मारने तथा कुचलने का आदेश है और इस हेतु अनेक प्राविधान हैं। विवश मन में समय पाकर प्रतिक्रिया होती है और वह क्रान्ति करने लगता है। मित्र मन मित्र की भाँति सहयोग देता है. अतः सहजमार्ग में मन को मित्र बनाया जाता है। यह अपने आप नहीं हो सकता अतः सद्गुरु की आवश्यकता होती है। चली हुई किन्तु विस्मृति

राह पर लौटने में, जिस पर इस समय तक अनेक अवरोध आगये हैं बड़ी विकट कठिनाइयाँ हैं उन पर अपने आप विजय पाना असम्भव है। अतः सहजमार्ग में सदगुरु का स्थान बहुत उच्च है, वही सब कुछ करता है, वही कलाकार है, शिल्पी है, अभ्यासी तो केवल कूची अथवा छेनी हथौड़ी है। वह अभ्यासी के अन्तर में विभिन्न आध्यात्मिक स्थितियां उतारता है. दार्शनिक ज्ञान पर जोर न देकर अनुभूति पर जोर देता है। इसके लिये वह अनेकों उपाय करता है जिनका ज्ञान तक अभ्यासी को नहीं होता। यही कारण है कि इस मार्ग में साधना के दो पक्ष हैं। प्रथम अभ्यास और दूसरा गुरु कृपा। अन्य धर्मों में अभ्यास बाहर से आरम्भ कर अन्दर की ओर ले जाता है किन्तु सहजमार्ग में अभ्यासी का सीधा सम्बन्ध ईश्वर से जोड़ दिया जाता है। अतः ध्यान ही एक मात्र साधन है।

अष्टाँग योग के ५ वहिरंग साधन यम, नियम, आसन, प्राणायाम तथा प्रत्याहार छुड़ा दिये जाते हैं तथा धारणा, ध्यान एवं समाधि का एकीकरण हो जाता है। केवल ध्यान करना होता है और समाधि उसका परिणाम होती है अभ्यासी संसार के प्रति आँख मूद कर अपने भीतर अपने मालिक को देखता है। क्या ही सीधी साधी किन्तु उल्टी प्रतीत होने वाली युक्ति है। तभी कहा हैः–

सब उल्टी चाल चलते हैं यह रहखाने इश्क,<br>
यह आँख बंद करते हैं दीदार के लिये।

और फल भी तुरन्त ही मिलता है, क्योंकि

पपोटों में शायद है उनकी शबीह,<br>
किया बन्द आँखें नजर आ गये।

वैज्ञानिकों का भी यह मत है कि आँख के पीछे भी बाहर की भाँति एक शीशा सा होता है जिसमें देखने की शक्ति होती है, उसके खुलते ही भीतर की वस्तु दीखने लगती है। उसे खोलने के लिये ही सद्गुरु चाहिये। भला बताइये अभ्यासी केवल आंख बन्द किये बैठा रहे और कुछ न करे और बदले में पा जाय परमगति। किन्तु वास्तव में मालिक से लगाव और उसकी दृढ़ता का अन्य कोई साधन भी तो नहीं है। मालिक के सम्मुख होते ही वृत्ति का मुह ऊपर कर दिया जाता है, उनका फैलाब समाप्त होते ही स्थिरता आती है और तब हमारा मन अपनी असली हालत में चिपट जाता है और अजाने उसी में ध्यान स्थिर हो जाता है। चरित्र निखरने लगता है। यह ब्रह्म की सबसे नीची गति है। तब हम अन्तर मुखी होने लगते हैं और अपनी



खोज शुरू होती है। चक्रों का खुलना, रास्ता साफ होना, सीमा का निगाह से हट जाना और फिर बेहदी का ख्याल भी धूर जाना धीरे-धीरे होता है। इस मार्ग में मालिक ही साधन, साधना और साध्य बन जाता है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक कार्य धीरे धीरे कर्म, उपासना तथा ज्ञान का एक समुच्चय बन जाता है। मालिक से लगाव होते ही संसार विसरन् लगता है और वैराग्यादि परिणाम अति शीघ्र हस्त गत हो जाते हैं। बिगड़ा हुआ मन जो हमें राक्षस बना रहा था मित्रवत् हमें ईश्वर की ओर ले चलता है। धर्म तथा संसार के बन्धन हमें साँप की केचुल की भांति छोड़ने लगते हैं। उज्जीवन होता है और मंजिलें जल्द-जल्द तै होने लगती हैं। स्पन्दन के चारो ओर ढके मल, विक्षेप, आवरण छूटने लगते हैं और हम अपने वास्तविक स्वरूप में स्थित होने लगते हैं। यह सब पाने के लिये हमें देना कुछ नहीं पड़ता। केवल हममें श्रद्धा तथा प्रेम से सहयोग भर देना होता है। कोई भी यह पूछ सकता है कि यह असम्भव बात कैसे होसकती है ? जिज्ञासा ठीक है। वास्तव में अन्य धर्मों में यह सम्भव नहीं है। इसका एकमात्र कारण है सद्गुरु की कृपा जो इस साधना का दूसरा पक्ष है। हमारा सद्गुरु हमारे थके हारे स्पन्दन को, मैले कुचैले बिगड़ैल मन को शक्ति पात द्वारा शुद्ध तथा पवित्र करता है। वह उपनिषदों में बताये गये "प्राणस्य प्राण !" को केन्द्र से खीच कर हमारे भीतर डालता है। इस प्राणाहुति से जो यज्ञ वह करता है उससे मन का कल्मष दूर होता है, वह ईश्वरोन्मुख होकर ऊपर की ओर चलना आरम्भ कर देता है। सदगुरु प्रत्येक क्षण सचेत सजग रहकर प्रत्येक अभ्यासी के प्रत्येक अवरोध को हटाता, हृदय ग्रन्थि से आरम्भ करके सभी चक्रों को पार कराता, ऋषियों तथा मुनियों को अप्राप्य गतियाँ दिलाता, केन्द्र तक ले जाता है। ईश्वर के दूसरे नाम हैं "शान्ति, सादगी, पवित्रता, मौन, स्थिरता" आदि। अभ्यासी साधना के पहले दिन से ही इन चीजों की अनुभूति करने लगता है। प्राणाहुति द्वारा मानव में प्रसुप्त सत्य, शिव तथा सुन्दर जगा दिये जाते हैं। प्रथम दिन से ही धर्म के बन्धन कट कर गिर जाते हैं और वास्तविकता से सम्बन्ध स्थापित कर दिया जाता है जो बढ़ते बढ़ते अन्तिम सत्य तक पहुंच जाता है। जिस राह से हमारा आज तक का विकास हुआ है ठीक उसी राह से लौटने में बड़ी कठिनाइयाँ हैं। अतः वह कुछ थोड़ी बदल कर सुगम कर दी हैं और यह सहज मार्ग की अभूत पूर्व देन है।

मालिक सबको सच्ची राह पर लाये।

# अनन्त यात्रा

**(इस स्थायी स्तम्भ का उद्देश्य साधकों की आध्यात्मिक प्रगति का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत करके ब्रह्म–विद्या सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सुलभ करना है। एतदर्थ श्रद्धेय 'बाबू जी' के साथ एक श्रेष्ठ एवं संवेदनशील अभ्यासी के पत्र–व्यवहार का क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रों के केवल वही अंश प्रकाशित किये जा रहे हैं, जो आध्यात्मिक स्थितियों के अनुभव से सम्बन्धित हैं। अभ्यासी का नाम आदि व्यक्तिगत बातें प्रकाशित नहीं की जा रही हैं। (सम्पादक)**

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी

सादर प्रणाम

मेरा पत्र मिला होगा। मैं अपनी आत्मिक दशा के बारे में क्या लिखूँ? सब हाल, बेहाल हुआ जा रहा है और हुआ क्या जा रहा है, हो ही गया है। हालत बदलती है परन्तु इतनी हल्की होती है कि जल्दी समझ में नहीं आती और न समझने की कोशिश ही करने को जी चाहता है। चार पांच दिन से हालत फिर कुछ बदल गई है। पूज्य बाबू जी अब न जाने क्या हो गया है कि कभी कभी ऐसा मालूम होता है कि मैं तो ठाठ से बैठा हूँ और 'मालिक' मेरी याद में तड़प रहा है। मामूली याद नहीं बल्कि बिल्कुल तड़प रहा है और न जाने आपने मुझे Chief Commander बना दिया है कि ऐसा लगता हैकिसंसार में मुझे किसी बात का भय ही नहीं रहगया है। कभी कभी तो यहाँ तक होता है कि ऐसा विचार होता है की संसार की कोई ताकत नहीं जो मुझे अपने ध्येय तक पहुँचने में विघ्न डाल सके। यदि रास्ते में पर्वत भी मुझे रोकना चाहेगा तो उसे भी फोड़ कर निकल जाऊँगा। बस नेत्रों के सामने केवल अपना 'ध्येय' ही दिखलाई पड़ता है और उस 'ध्येय' के सामने संसार की सारी वस्तुएँ फीकी हैं। कभी तो ऐसा हो जाता है कि केवल इतना ही ज्ञान रहता है कि मुझे पहुँचना है, परन्तु कहाँ पहुँ–चना है इसका पता नहीं। अपनी दशा तो मालिक की कृपा से अच्छी ही दीखती है। अब अधिकतर जब Sitting लेने बैठता हूँ तो तबियत उतनी अच्छी नही लगती जितनी कि दिन भर लगी हुई मालूम होती है। जब कभी जोश आ जाता है जैसा कि ऊपर लिख चुका हूं तो अपने अंदर बहुत ताक़त मालूम पड़ती है परन्तु यह जोश कभी कभी ही आ पाता है और बहुत बढ़ने नहीं पाता है वरन् तुरन्त ढीला हो जाता है। अब न तो सुषुप्ति है और न जागृति। अब तो कुछ और ही दशा है।

आप की दीन हीन, सर्वसाधन विहीन संतान